an>

Title:Need to fill up the vacant posts of Indian Police Services (IPS).

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश की आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण विÂ◌ाय की ओर दिलाना चाहता हूं। यह बहुत सेंसटिव इश्यू है।...(व्यवधान) देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समुचित आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति बहुत आवश्यक है। देश में आईपीएस अधिकारियों के पदों की कुल संख्या 4754 है जिसमें 3848 पद भरे गए हैं जबकि एक वÂ◌ार्न से 906 पद रिक्त हैं। महाराÂट्र राज्य में 62 पद रिक्त हैं लेकिन इन्हें भरने का कोई प्रयास नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 129 पद रिक्त हैं।...(व्यवधान) यदि इतने महत्वपूर्ण पद रिक्त रहते हैं तो आंतरिक सुरक्षा की स्थिति का क्या होगा, अपराध बढ़ते जाएंगे और इसे रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल का होना अत्यंत आवश्यक है। हर वÂ◌ार्न कुछ पद रिटायरमेंट के कारण रिक्त हो जाते हैं लेकिन इन्हें उस अनुपात में भरा नहीं जा रहा है। पिछली सरकार ने इन पदों को भरने का कोई प्रयास नहीं किया है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इतनी बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारियों के रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने के लिए कारगर कदम उठाएं ताकि देश में आंतरिक सुरक्षा का इंतजाम सुचारु रूप से हो सके।...(व्यवधान)